पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

विषयः– इंजी0 विभाग में 15 प्रतिशत एलडीसीई कोटे (इण्टर अप्रेन्टिस कोटा) के अन्तर्गत जू0इंजी0 / कार्य लेवल–6 श्रेणी के रिक्त पदों के विरूद्व चयन।
सन्दर्भः– रेलवे बोर्ड के पत्र सं0–ई(एनजी)।/2022/पीएम 5/1 दि0 10.08.2022 एवं महाप्रबन्धक (का0) गोरखपुर द्वारा जारी निर्देश दि0 28.08.2025।

रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय के संदर्भित पत्रों में निहित प्रावधान के अन्तर्गत जू0इंजी0 / कार्य लेवल–6 श्रेणी में 15 प्रतिशत एलडीसीई कोटे के अन्तर्गत वर्तमान रिक्त पदों को सीबीटी (कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट) के माध्यम से भरे जाने का निर्णय लिया गया है, रिक्तियों का विवरण निम्नवत हैः–

पदनाम / लेवल	Community Wise Breakup				PwBD (ONLY Suitable for LD (OH / OL DW / AAV)
	UR	SC	ST	Total Vacancy (Including PwBD)	
जू0इंजी0 / कार्य / 6	3	0	0	3	1

उपरोक्त रिक्तियों में 1 रिक्ति दिव्यांग कर्मचारी हेतु आरक्षित है। रेलवे बोर्ड के पत्र दि0 31.12.2024 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश के अनुसार यदि दिव्यांग कर्मचारी उपलब्ध नहीं होता है तो रिक्ति को भर लिया जायेगा एवं दिव्यांग आरक्षण को फॉरवर्ड कर दिया जायेगा।

रेलवे बोर्ड के पत्र दि0 10.08.2022 में प्राप्त निर्देश के अनुसार केवल कार्य संवर्ग साइड में 3 वर्ष की कुशल कारीगर की सेवा रखने वाले कर्मचारी जिनकी शैक्षिक योग्यता आईटीआई / अप्रेन्टिस पास या विज्ञान विषय में 10+2 अर्हता वाले कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा कार्य संवर्ग में कार्यरत कारीगर हेल्पर (कार्य) लेवल–। जिनके पास 3 वर्षो का अनुभव है, भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे, बशर्ते की वे आईटीआई / अप्रेन्टिस पास या विज्ञान विषय में 10+2 अर्हता रखते हों।

रेलवे बोर्ड के पत्र दि0 18.07.2023 में निहित प्रावधान के अनुसार सामान्य वर्ग हेतु अधिकतम आयु 47 वर्ष एवं अजा0 / अजजा0 वर्ग हेतु अधिकतम आयु 52 वर्ष होगी। आयु की गणना अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि से की जायेगी। रेलवे बोर्ड के पत्र दि0 25.06.2019 (आरबीई सं0 102 / 2019) में निहित प्रावधान के अन्तर्गत प्रशिक्षण अवधि को लिखित परीक्षा में शामिल किए जाने हेतु गणना में लिया जायेगा।

अन्य शर्ते निम्नवत हैंः–

1– रेलवे बोर्ड के पत्र सं0–88–ई(एसीएटी)।/42/2 दि0 08.04.1991 में निहित प्रावधान के अनुसार चयन हेतु पात्रता रखने वाले आरक्षित समुदाय के कर्मचारियों को 21 दिवसीय प्री–सलैक्शन कोचिंग दी जायेगी।

2– महाप्रबन्धक (का0) गोरखपुर के पत्र सं0–का / 254 / चयन / प्रश्न बैंक / निर्देश / चार / 80 दि0 20.03.2019 के अनुसार लिखित परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे एवं समय 90 मिनट का होगा।

3– नामिका प्राप्तांको की मेरिट के आधार पर बनायी जायेगी। चूँकि पद संरक्षा कोटि का है अतः अजा0 / अजजा0 के कर्मचारियों को लिखित परीक्षा के अंकों में कोई छूट प्रदान नहीं की जायेगी। प्रश्न पत्र 85 अंक का होगा गोपनीय रिपोर्ट के 15 अंक होंगे। चूँकि पद संरक्षा श्रेणी

का है सभी वर्ग के कर्मचारियों को लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु विचार किया जायेगा।

4– रेलवे बोर्ड के पत्र सं0–ई(एनजी)।/2018/पीएम–।/4 दि0 14.12.2018 के अनुसार 100 प्रतिशत प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे जिसमें 10 प्रतिशत प्रश्न राजभाषा हिन्दी से सम्बन्धित होंगे। जिन्हें हल करना अनिवार्य नहीं होगा। लिखित परीक्षा ऑनलाइन सीबीटी के माध्यम से होगी।

5– रेलवे बोर्ड के परिपत्र सं0–ई(एनजी)।/2018/पीएम–।/4 दि0 14.11.2019 के अनुसार गलत उत्तर पर 1/3 की दर से नकारात्मक अंक प्रदान किए जायेंगे।

6– यदि किसी कर्मचारी का आवेदन अंतिम तिथि के पश्चात इस कार्यालय में प्राप्त होता है तो ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

7– इंजी0 विभाग के कार्य संवर्ग के कर्मचारी जो उपरोक्त शर्ते पूर्ण करते हों तथा उक्त चयन में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक हों, से विकल्प आमंत्रित किए जाते हैं इच्छुक कर्मचारी अपना विकल्प (संलग्न एनक्जर–ए) पर अपने पर्यवेक्षक से अग्रसारित कराकर दि0 17.09.2025 तक सम्बन्धित समइं कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सम्बन्धित समइं के अधीन कार्यरत कार्मिक लिपिक प्राप्त सभी विकल्पों की जांच सेवा अभिलेखों से करते हुए एवं प्रमाणित करते हुए कि उपरोक्त शर्तो को पूर्ण करने वाले कर्मचारियों से प्राप्त विकल्पों को समइं के हस्ताक्षर से एक साथ एक ही बंच में इस कार्यालय को दि0 20.09.2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

8– पात्र कर्मचारी के चयनित होने पर उक्त पद हेतु निर्धारित चिकित्सा श्रेणी बी–1 में फिट घोषित होना चाहिए एवं अंतिम रूप से चयनित कर्मचारियों को 12 माह का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

इस अधिसूचना को ही तत्परता सूचना समझा जाये, निर्धारित अवधि के पश्चात पात्र कर्मचारियों को लिखित परीक्षा के लिए अल्प सूचना पर लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जा सकता है। चयन की अनुपस्थिति परीक्षा किसी भी दशा में सम्पन्न नहीं करायी जायेगी।

सभी समइ यह सुनिश्चित करें लें कि विकल्प/आवेदन में कर्मचारी द्वारा दिया गया विवरण में कोई त्रुटि तो नही है, यदि किसी कर्मचारी का आवेदन अपूर्ण भरा हुआ अथवा शैक्षिक/तकनीकी/जाति प्रमाण पत्र इत्यादि संलग्न नही हैं तो ऐसे आवेदन बिना किसी सूचना के अपात्र कर दिए जायेगा।

नोटः– लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम उपलब्ध न होने के कारण संलग्न नहीं है, मुख्यालय द्वारा समेकित पाठ्यक्रम प्राप्त होने पर मण्डल में प्रचारित किया जायेगा।

इस पर वमइं/सम0/इज्जतनगर महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

संलग्न (यथोपरि)

(बबलु)
सकाधि–।।
कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (का0)
इज्जतनगर

सं0–का/254/15 प्रति0 एलडीसीई/जू0इंजी0/कार्य/इंजी0/8 दि0 02.09.2025
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– वमइ/सम0/इज्जतनगर 2– वमयांइ/समाडि एवं डीशैड/इज्जतनगर
3– वमइ प्रथम एवं द्वितीय/इज्जतनगर 4– मइ/मुख्यालय, सनइ/इज्जतनगर
5– समइ/लाइन इज्जतनगर,पीलीभीत,काशीपुर,मथुरा छा0,फतेहगढ
6– सीसेइं/कार्य–इज्जतनगर,बदायूँ,कासगंज,हाथरससिटी,मथुराछा0,फतेहगढ़कन्नौज, कानपुर अनवरगंज,भोजीपुरा,पीलीभीत–। एवं ।।, बीसलपुर,लालकुआं,काशीपुर तथा रूद्रपुर सिटी, रोड नं0 4 इज्जतनगर, भोजीपुरा,काशीपुर,रूद्रपुर सिटी, काठगोदाम, बरेली सिटी,कासगंज,हाथरस सिटी,मथुरा छा0, फतेहगढ़ एवं कन्नौज
8– सीसेइ/सामान्य/डीशैड इज्जतनगर 9– मण्डल मंत्री/एनईरेलवे मेंस कांग्रेस/ इज्जतनगर 10– एससी/एसटी/ओबीसी एसोसिऐशन इज्जतनगर

कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (का0)
इज्जतनगर

48

विषयः– इंजी0 विभाग में जू0इंजी0(कार्य) लेवल–6 श्रेणी में 15 प्रतिशत एलडीसीई कोटे के अन्तर्गत रिक्त पदों को भरने हेतु चयन।
सन्दर्भः– म0रे0प्र0(का0)/इज्जतनगर द्वारा जारी अधिसूचना सं0–का/254/15 प्रति0 एलडीसीई/जू0इंजी0/कार्य/इंजी0/8 दि0 .....

संदर्भित अधिसूचना के सन्दर्भ में जू0इंजी0/कार्य लेवल–6 श्रेणी के चयन में सम्मिलित होने हेतु अपना विकल्प प्रस्तुत करता हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नवत हैः–

1– नामः–

2– पिता का नामः–

3– वर्तमान पदनाम/लेवलः–

4– जन्मतिथिः–

5– अधिसूचना की तिथि को आयुः–

6– प्रथम नियुक्ति तिथिः–

7– नियमित नियुक्ति तिथिः–

8– अधिसूचना की तिथि को कुल नियमित सेवाः–

9– वर्तमान पद में पदो0 तिथिः–

10– कार्य साइड की कुल सेवाः–

11– शैक्षिक योग्यताः–
प्रमाण पत्र संलग्न करें।

12– तकनीकि योग्यताः–
प्रमाण पत्र संलग्न करें।

13– समुदाय (अजा0/अजजा0)
प्रमाण पत्र संलग्न करें।

14– स्टेटस (स्थायी/अस्थायी):–

पासपोर्ट साइज का नवीनतम सत्यापित फोटो

15– एच0आर0एम0एस0 आई0डी0 / पी0एफ0 सं0:–

अग्रसारित
पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर एवं मुहर

आवेदक / कर्मचारी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त क्रमांक सं0 1 से 15 तक का विवरण को इस कार्यालय के अभिलेखों से मिलान कर लिया गया है, सभी विवरण सही पाये गये हैं। कर्मचारी द्वारा वर्तमान में कार्य साइड में 3 वर्ष की सेवा अनुभव पूर्ण है।

हस्ताक्षर कार्मिक लिपिक

सहायक मण्डल इंजीनियर
हस्ताक्षर कार्यालय मुहर तिथि सहित